‘वास्तुकला रचना प्रतियोगिता’ का शुभारंभ

चर्चा में क्यों?

17 दिसंबर, 2021 को मध्य प्रदेश के विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री ओमप्रकाश सखलेचा ने मैनिट के सिविल विभाग के सभागार में ‘भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में भारतीय वैज्ञानिकों का योगदान’विषय पर राष्ट्रीय स्तर की वास्तुकला रचना प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

प्रमुख बिंदु

- राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की जा रही इस वास्तुकला रचना प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य भारत के स्वतंत्रता संग्राम में भारतीय वैज्ञानिकों के अतुलनीय योगदान को एक स्मारक और संग्रहालय के रूप में प्रस्तुत कर न सिर्फ सम्मान और पहचान देना है, बल्कि भारतीयों की वर्तमान पीढ़ियों के समक्ष उस योगदान को एक अत्यंत रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत भी करना है।
- यह प्रतियोगिता वर्तमान में अध्ययनरत् स्कूली छात्रों के साथ-ही-साथ अध्ययनरत् और कार्यरत् वास्तुविदों एवं योजनाकारों को एक अनूठा मौका देगी, जिससे वे इन महान विभूतियों और उनके अतुल्य योगदानों को अपनी रचनात्मकता से एक बड़े स्तर पर प्रस्तुत कर जनसाधारण के बीच उनके जीवन और योगदान का संदेश प्रेषित कर प्रेरणा का संचार कर पाएंगे।
- इस प्रतियोगिता के अंतर्गत स्मारक और संग्रहालय के आकल्पन को उज्जैन के तारामंडल परिसर स्थित 6 एकड़ के स्थान के लिये प्रस्तावित किया जाएगा।
- उल्लेखनीय है कि स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव के अंतर्गत होने जा रही इस प्रतियोगिता को मैनिट, मध्य प्रदेश विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद, विज्ञान भारती, आई.पी.एस. एकेडमी इंदौर एवं अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद मिल कर आयोजित कर रही हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/inauguration-of-architecture-composition-competition